भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
29.07.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1684 का उत्तर

रेलवे में भर्ती, रिक्तियां और प्रशिक्षण

1684. श्री बसवराज बोम्मई:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) रेलवे में वर्तमान में रिक्तियों की स्थिति का ब्यौरा क्या है और इन रिक्तियों को भरने की क्या समय-सीमा तय की गई है;

(ख) क्या वार्षिक भर्ती कैलेंडर के आरंभ होने से भर्ती प्रक्रिया में होने वाले विलंब और अनिश्चितताएं समाप्त हो जाती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा रेलवे भर्ती में, विशेषकर कम चयन दर वाले राज्यों के लिए, निष्पक्ष क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;

(घ) क्या रेलवे राज्यों में, विशेषकर दक्षिण भारत में, क्षेत्रीय भाषाओं में भर्ती परीक्षाएं आयोजित करता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या नई भर्तियों की तैनाती से पहले उनकी तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ करने की योजना है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): भारतीय रेल में वर्ष 2004-2005 से 2013-14 की तुलना में 2014-2015 से 2025-2026 के दौरान की गई भर्तियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| अवधि | भर्तियां |
|---|---|
| 2004 - 2005 से 2013 - 2014 | 4.11 लाख |
| 2014 - 2015 से 2025 - 2026<br>(30.06.2026 तक) | 5.56 लाख |

भारतीय रेल के आकार, स्थानिक वितरण और परिचालन महत्व को ध्यान में रखते हुए पदों का रिक्त होना और उन्हें भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है। नियमित परिचालन, प्रौद्योगिकीय परिवर्तनों, यंत्रीकरण और नवोन्मेषी पद्धतियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त जनशक्ति मुहैया कराई जाती है। रेलवे द्वारा इन रिक्तियों को मुख्यतः परिचालनिक और प्रौद्योगिकीय संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार भर्ती एजेन्सियों को मांग पत्र भेजकर भरा जाता है।

रेलवे, जो केंद्र सरकार का संगठन है, अखिल भारतीय स्तर पर भर्ती करता है। यह सार्वजनिक रोजगार के मामलों में समानता के अधिकार के संवैधानिक प्रावधान के अनुरूप है। प्रत्येक उम्मीदवार जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, लिंग, भाषा, जन्म स्थान, क्षेत्र आदि पर ध्यान दिए बिना आवेदन करने के लिए स्वतंत्र है। केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाओं (सीईएन) के प्रत्युत्तर में आवेदन करने वाले स्थानीय उम्मीदवार सहित सभी उम्मीदवारों को रेलवे में भर्ती के लिए समान आधार पर विचार किए जाते हैं। किसी भी राज्य अथवा क्षेत्र के उम्मीदवारों को कोई वरीयता नहीं दी जाती है और न ही भर्ती किसी राज्य या क्षेत्र तक सीमित है।

सीधी भर्ती परीक्षाओं में उम्मीदवारों की सुविधा प्रदान करने के लिए, रेलवे भर्ती बोर्ड अंग्रेजी, हिंदी और 13 क्षेत्रीय भारतीय भाषाओं, जैसे असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, ओड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) आयोजित करती हैं।

रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाएं अत्यंत तकनीकी प्रकृति की होती हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर कर्मियों और संसाधनों को जुटाने तथा जनशक्ति के प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। रेलवे ने इन सभी चुनौतियों का सामना किया और सभी निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से भर्ती का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

इसके अलावा, प्रणालीगत सुधार के तौर पर, रेल मंत्रालय ने समूह 'ग' पदों की विभिन्न कोटियों में भर्ती के लिए वर्ष 2024 से वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित करने की एक प्रणाली शुरू की है। वार्षिक कैलेंडर शुरू होने से अभ्यर्थी निम्नानुसार लाभान्वित हो रहे हैं:

- अभ्यर्थियों के लिए अधिक अवसर;
- प्रति वर्ष योग्यता प्राप्त करने वालों को अवसर;
- परीक्षाओं की निश्चितता;
- भर्ती प्रक्रिया, प्रशिक्षण और नियुक्तियों में तेज़ी।

वर्तमान में, भारतीय रेल में वार्षिक कैलेंडर 2024, 2025 और 2026 के अनुसार अराजपत्रित कार्मिकों की 1,61,889 रिक्तियों के तहत भर्ती शुरू की गई है।

जनवरी से दिसंबर, 2024 के दौरान, सहायक लोको पायलटों (एएलपी), तकनीशियनों, रेल सुरक्षा बल (रे.सु.ब.) में उप-निरीक्षक और कांस्टेबल, जूनियर इंजीनियर (जेई)/डिपो सामग्री अधीक्षक (डीएमएस)/रसायन एवं धातुकर्म सहायक (सीएमए), पैरामेडिकल कोटियों, गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक), गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक पूर्व), अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों और लेवल-1 कोटियों जैसे सहायक, ट्रैक मेंटेनर और पॉइंट्समैन के पदों को भरने के लिए 92,116 रिक्तियों के लिए केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं (सीईएन) अधिसूचित की गई थीं।

92,116 पदों के लिए प्रथम/एकल चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं (सीबीटी) पूरी की जा चुकी है। इनका ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

| परीक्षा | अभ्यर्थी | शहर | भाषाएं |
|---|---|---|---|
| सहायक लोको पायलट के पद (18,799 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 18,40,347 | 156 | 15 |
| तकनीशियन के पद (14,298 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 26,99,892 | 139 | 15 |
| जेई/डीएमएस/सीएमए के पद (7,951 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 11,01,266 | 146 | 15 |
| रे.सु.ब.- एस.आई के पद (452 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 15,35,635 | 143 | 15 |
| रे.सु.ब. - कांस्टेबल के पद (4,208 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 45,30,288 | 147 | 15 |
| पैरामेडिकल कोटियों (1,376 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 7,08,321 | 143 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) (8,113 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 58,41,774 | 141 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक पूर्व) (3,445 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 63,27,473 | 157 | 15 |
| अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों (1,036 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 4,46,013 | 139 | 15 |
| लेवल-1 पदों (32,438 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 1,08,28,261 | 152 | 15 |
| कुल अभ्यर्थी | 3,58,59,270 | | |

सहायक लोको पायलट, जेई/डीएमएस/सीएमए और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक एवं स्नातक पूर्व) के पदों के लिए द्वितीय चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) भी पूरी कर ली गई है। इनका ब्यौरा इस प्रकार है:-

| परीक्षा | अभ्यर्थी | शहर | भाषाएं |
|---|---|---|---|
| सहायक लोको पायलट के पद (18,799 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी | 2,66,363 | 112 | 15 |
| जेई/डीएमएस/सीएमए के पद (7,951 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी | 1,17,339 | 118 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक) (8113 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी | 1,21,931 | 129 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक पूर्व) (3,445 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी | 51,978 | 79 | 15 |
| कुल अभ्यर्थी | 5,57,611 | | |

सहायक लोको पायलट और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) के पदों के लिए कंप्यूटर आधारित योग्यता परीक्षा और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक और स्नातक पूर्व) और अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों के पदों के लिए कंप्यूटर आधारित दक्षता परीक्षा भी पूरी की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है:-

| परीक्षा | अभ्यर्थी | शहर | भाषाएं |
|---|---|---|---|
| सहायक लोको पायलट के पद हेतु कंप्यूटर आधारित योग्यता परीक्षा | 1,32,044 | 84 | 2 |
| अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों के लिए अनुवाद परीक्षा | 1,233 | 8 | 2 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) के लिए कंप्यूटर आधारित योग्यता परीक्षा | 13,616 | 38 | 2 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक स्तर) के पद के लिए कंप्यूटर आधारित टंकण दक्षता परीक्षा | 30,341 | 58 | 2 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक पूर्व स्तर) के पद के लिए कंप्यूटर आधारित टंकण दक्षता परीक्षा | 13,145 | 44 | 2 |
| कुल अभ्यर्थी | 1,90,379 | | |

वर्ष 2026-2027 (30.06.2026 तक) के दौरान 3,300 से अधिक अभ्यर्थियों के लिए पैनल, जिसमें तकनीशियन, जूनियर इंजीनियर, पैरा मेडिकल कोटियों, अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों और सहायक लोको पायलट के विभिन्न पद शामिल हैं, को अंतिम रूप दिया गया है। इनमें से अधिकांश संरक्षा कोटियों की हैं।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार, 51,970 रिक्तियों के लिए नौ केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएँ भी जारी की गई हैं। जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना संख्या | पद का नाम | अधिसूचित की गई रिक्तियों की संख्या | अधिसूचना जारी करने का माह |
|---|---|---|---|
| 01/2025 | सहायक लोको पायलट | 10,970 | मार्च, 2025 |
| 02/2025 | तकनीशियन | 6,238 | जून, 2025 |
| 03/2025 | पैरा मेडिकल कोटियां | 434 | जुलाई, 2025 |
| 04/2025 | सेक्शन कंट्रोलर | 368 | अगस्त, 2025 |
| 05/2025 | जूनियर इंजीनियर(जेई)/डिपो सामग्री अधीक्षक/रसायन एवं धातुकर्म सहायक | 2,585 | अक्टूबर, 2025 |
| 06/2025 | गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक) | 5,810 | अक्टूबर, 2025 |
| 07/2025 | गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक पूर्व) | 3,058 | अक्टूबर, 2025 |
| 08/2025 | पृथक कोटियां | 312 | दिसम्बर, 2025 |
| 09/2025 | लेवल-1 पद | 22,195 | दिसम्बर, 2025 |
| कुल | | 51,970 | |

29,775 पदों के लिए प्रथम/एकल चरण के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं (सीबीटी) पूरी कर ली गई है। इसका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| परीक्षा | अभ्यर्थी | शहर | भाषाएं |
|---|---|---|---|
| सेक्शन कंट्रोलर के पद (368 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 4,33,748 | 131 | 15 |
| सहायक लोको पायलट के पद (10970 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 10,03,719 | 141 | 15 |
| जे.ई./डीएमएस/सीएमए के पद (2585 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 5,74,351 | 133 | 15 |
| तकनीशियन के पद हेतु सीबीटी (6238 रिक्तियां) | 8,41,525 | 117 | 15 |
| पैरामेडिकल कोटियों हेतु सीबीटी (434 रिक्तियां) | 3,19,396 | 106 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) (5810 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 25,89,851 | 142 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक पूर्व) (3058 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 32,95,980 | 142 | 15 |
| पृथक कोटियों (312 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 37,774 | 34 | 15 |
| कुल अभ्यर्थी | 90,96,344 | | |

जे.ई./डीएमएस/सीएमए के पदों के लिए दूसरे चरण के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं (सीबीटी) पूरी कर ली गई है। इसका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| परीक्षा | अभ्यर्थी | शहर | भाषाएं |
|---|---|---|---|
| जे.ई./डीएमएस/सीएमए के पद (2585 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी | 39,034 | 90 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) (5810 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 87,317 | 98 | 15 |
| कुल अभ्यर्थी | 1,26,351 | | |

सेक्शन कंट्रोलर के पदों के लिए कंप्यूटर आधारित योग्यता परीक्षा पूरी कर ली गई है। इसका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| परीक्षा | अभ्यर्थी | शहर | भाषाएं |
|---|---|---|---|
| सेक्शन कंट्रोलर के पद (368 रिक्तियां) हेतु सीबीएटी | 2,989 | 24 | 2 |

इसके अलावा, वर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार, 17,803 रिक्तियों के लिए तीन केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं जारी की गई हैं। ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| सीईएन संख्या | पद का नाम | अधिसूचित रिक्तियों की संख्या | अधिसूचना का माह |
|---|---|---|---|
| 01/2026 | सहायक लोको पायलट | 11,127 | मार्च-2026 |
| 02/2026 | तकनीशियन | 6,557 | मई-2026 |
| 03/2026 | सेक्शन कंट्रोलर | 119 | जून-2026 |

भारतीय रेल ने संरचित क्षमता निर्माण और उन्नत प्रशिक्षण के माध्यम से रेल कर्मचारियों की कार्य उत्पादकता, अभिप्रेरणा और व्यावसायिक दक्षता बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं। भारतीय रेल में क्षमता निर्माण और कौशल उन्नयन हेतु सुस्थापित प्रशिक्षण ढांचे द्वारा समर्थित निरंतर और संस्थागत प्रक्रियाएं हैं।

भारतीय रेल ने रेल कर्मचारियों हेतु केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, बहु-विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान, बहु-विषयक मंडल प्रशिक्षण संस्थान और विशेष प्रशिक्षण केंद्रों के रूप में एक व्यापक प्रशिक्षण परितंत्र विकसित किया है, जिसमें कर्मचारियों को करियर के विभिन्न चरणों में उनका कौशल सुनिश्चित करने, कौशल पुन: सिखाने और कौशल बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान किए जाते हैं।

चूंकि सुरक्षित गाड़ी परिचालन भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया जाता है। कवच प्रणाली पर संबंधित कोटियों हेतु पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों और विशेषीकृत प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों सहित प्रारंभिक और पदोन्नति के चरणों में

निर्धारित आवधिकता के अनुसार विस्तृत प्रशिक्षण मॉड्यूल उपलब्ध हैं। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आधुनिक, प्रौद्योगिकी-गहन रेल परिचालन के लिए कर्मचारियों की दक्षताओं को सुदृढ़ करने और रेल कर्मियों को आवश्यक कौशल से लैस करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। रेल परिचालन और अनुरक्षण में नई तकनीकों को शामिल करने के लिए इन पाठ्यक्रमों को समय-समय पर अद्यतन भी किया जाता है।

इन प्रशिक्षणों के अलावा, प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा कुछ अन्य/विशेष पाठ्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं, जैसे कि फ्रंटलाइन स्टाफ के लिए सॉफ्ट स्किल्स का प्रशिक्षण, ग्राहक सेवा प्रशिक्षण, आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण, सभी पर्यवेक्षकों के लिए दुर्घटना जांच कार्यक्रम, जे.ई./एसएसई (रेलपथ) के लिए रेलगाड़ी के पटरी से उतरने की जांच, चालकों के लिए रेलगाड़ी विलगन कार्यक्रम, खतरे की अवधारणा और आपातकालीन प्रतिक्रिया, अग्निशमन और प्राथमिक चिकित्सा कौशल, लैगिंक संवेदीकरण, योग और ध्यान तथा अन्य प्रशिक्षण आदि।

*******